सुविचार

मैले और गंदे कपड़े से यदि हमें शर्म आती है, तो गंदे और मैले विचारो से भी हमें शर्माना चाहिए।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-43 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 1 दिसम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## किसी पीड़ित व्यक्ति को पुलिस के पास जाने से रोकने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए/legal advice...

युवा प्रदेश

जब कोई दबंग व्यक्ति या कोई दबंग नेता, मंत्री किसी गरीब व्यक्ति पर अत्याचार करता है और उस पीड़ित व्यक्ति को धमकी दे की अगर तुम किसी पुलिस अधिकारी या स्हरू कलेक्टर के पास गया तो मैं तुम्हें जीने नहीं दूँगा ,इस तरह की धमकी देने वाले व्यक्ति ,नेता, मंत्री के खिलाफ किस कानून के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 190 की परिभाषा ?**

जो कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को किसी लोक सेवक के पास संरक्षण के लिए जाने से रोकेगा जो उस समस्या का समाधान करने के लिए प्राधिकृत हो अर्थात कोई व्यक्ति किसी गरीब की जमीन पर कब्जा कर लेता है और पीड़ित व्यक्ति को स्हरू या स्हह के पास जाने से रोकेगा, या कोई व्यक्ति बच्चे का अपहरण करके उसके माता पिता को पुलिस के पास जाने से रोकेगा तब यह अपराध होगा।

Indian Penal Code, 1860 section 190 punishment

यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते है। इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है सजा- इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माना या दिनों से दण्डित किया जा सकता है।

## अवैध तरीके से किसी व्यक्ति को आवास देने वाले अधिकारी के खिलाफ क्या किया जा सकता है जानिए/MP-PSCP Act.....

मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट अधिनियम की धारा 32 ख ऐसे व्यक्ति को दण्डित करती है जो तथ्यों को छिपाकर किसी व्यक्ति को आवास, भूमि आवंटित कर देता है अर्थात वास्तविक व्यक्ति को भूमि या आवास का लाभ न देकर किसी अन्य व्यक्ति को आवास योजना का लाभ दिलवा देना। लेकिन अगर कोई आवास आवंटन करने वाला व्यक्ति किसी ओर प्रकार से भ्रष्टाचार करता है तो उसके खिलाफ एक नई धारा के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम,1982 की धारा 32(ग) की परिभाषा?**

जो कोई व्यक्ति राज्य सरकार के अधीन होकर जिसका कार्य भूमि, भू-खंड,गृह, आवास या फ्लैट आदि का आवंटन करता है जो बेईमानी, दोषपूर्ण भावना, कपटपूर्ण, या किसी अन्य तरफ से भ्रष्टाचार करके आवंटित कर देता है वह व्यक्ति उक्त अधिनियम की धारा 32(ग) के अंतर्गत दोषी होगा।

साधारण शब्दों में कहे तो कोई भूमि आवंटित करने वाला अधिकारी किसी व्यक्ति से रिश्वत लेकर या भेदभाव आदि की भावना करने किसी अन्य व्यक्ति के नाम से आवास योजना में लाभ दिलवा देता है तो वह उपर्युक्त अधिनियम की धारा 32(ग) के अंतर्गत दोषी होगा।

Provision of punishment under section 32(C) of the Madhya Pradesh Specified Corrupt Practices Prevention Act, 1982?

यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं लेकिन अधिकारी पर मामला दर्ज करने से पहले सक्षम उच्च अधिकारी या समुचित सरकार से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है,इनकी सुनवाते किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

# एग्जिट पोल पर कमल नाथ ने कहा- देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं



**3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी।**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश का एग्जिट पोल सामने आने के बाद एमपी कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि, कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूं। आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं और आपकी मेहनत और समर्पण से ही जनता ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर वोट डाला है। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। मैंने हमेशा आपसे कहा है कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं। आपको इस सबसे अपना ध्यान भटकने नहीं देना है। अर्जुन की तरह आपको निगाहें सिर्फ अपने लक्ष्य पर रखनी है। आपको अपना पूरा ध्यान मतगणना के दिन पर लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस को मिला एक-एक वोट सही से गिना जाए और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बने।

### क्या है एग्जिट पोल में

बता दें सर्वे एजेंसियों द्वारा जारी विभिन्न एग्जिट पोल में भाजपा को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। हालांकि कुछ कंपनियों के एग्जिट पोल में भाजपा और कांग्रेस के बीच बराबरी का मुकाबला बताया गया है। विधानसभा चुनाव- 2023 के लिए एग्जिट पोल के आंकड़ों को देखें तो आज तक-एक्सिस माय, इंडिया टीवी-सीएनएक्स, न्यूज 24-चाणक्य, रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में भाजपा बंपर बहुमत के साथ सरकार में वापसी करती नजर आ रही है।

## बैतूल में 21-21 टेबल पर होगी मतगणना, सबसे पहले आएंगे आमला विधानसभा के नतीजे

**बैतूल।** विधानसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के बाद तीन दिसंबर को बैतूल के जेएच कालेज में मतों की गिनती का कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा चुनाव आयोग से टेबल की संख्या बढ़ाने की अनुमति मांगी थी। चार विधानसभा क्षेत्र के लिए आयोग ने 21-21 टेबल लगाकर मतों की गिनती करने के आदेश दे दिए हैं। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 17 राउंड और आमला विधानसभा सीट के मतों की गिनती 13 राउंड में पूरी कर ली जाएगी। आमला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती का कार्य मात्र 13 राउंड में पूरा हो जाने के कारण सबसे पहले आमला विधानसभा सीट के नतीजे घोषित हो जाएंगे। मतदान के बाद जेएच कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को रखा गया है। यहां पर 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है।



## कई कद्दावर नेता भी नहीं छू पाते 50 प्रतिशत वोट का आंकड़ा

**भोपाल।** दिग्गज नेताओं का दावा भले ही क्षेत्र में उनकी तूती बोलने का हो, उनके क्षेत्र को अभेद्य किला कहा जाता हो लेकिन भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों के कई कद्दावर नेता विधानसभा चुनाव में आधे यानी 50 प्रतिशत मत का आंकड़ा भी नहीं छू पाते। पूर्व के चुनाव परिणामों को देखें तो दोनों दलों के कुछ बड़े नेता भले ही जीतकर मंत्री बन गए हों पर उन्हें प्राप्त मत प्रतिशत 40 से भी कम रहे हैं। जीत-हार अपनी जगह है पर उनके जनाधार का इस आधार पर भी मूल्यांकन हो सकता है कि किस नेता को कितने प्रतिशत वोट मिले हैं। गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा को पिछले तीन चुनावों में कभी भी 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिले। वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के बड़े नेता डा. गोविंद सिंह को पिछले तीन चुनावों में 46 प्रतिशत से कम ही वोट मिले हैं। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम 40 प्रतिशत वोटों का आंकड़ा पिछले तीन चुनावों में नहीं छू पाए हैं। दरअसल, जातिगत व अन्य स्थानीय समीकरणों के कारण लगभग 30 प्रतिशत मतों का बंटवारा हो जाता है।




# छत्तीसगढ़ के एग्जिट पोल से कांग्रेस में उत्साह, टक्कर दे रही भाजपा को सत्ता में वापसी की आस




**रायपुर (राज्य ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर जारी एग्जिट पोल में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होने की संभावना जताई गई है। इसके बाद दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है। हालांकि तीन एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस सरकार बनाते दिख रही हैं। जबकि चार सर्वे में कांग्रेस बहुमत के करीब बताया गया है। इधर, दो एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत के आंकड़े से अधिक सीटें मिल रही हैं। एग्जिट पोल के बाद कांग्रेस उत्?साहित नजर आ रही है, वहीं कांग्रेस को टक्?कर दे रही भाजपा प्रदेश की सत्?ता में वापस की आस लगाए हुए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सात एग्जिट पोल में किसी के आंकड़ों में समानता नहीं है। दो दिन बाद सभी के आंकड़े एक समान होंगे। एग्जिट पोल चलने दीजिए, एग्जिट पोल पर ध्यान मत दीजिए, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। 57 सीटें जो कांग्रेस को दिखाई जा रही है वह रियल रिजल्ट में उलट जाएगा। यानी यह नंबर 75 हो जाएगा। चाहे तो आप इसमें भी पांच सीटें जोड़ लिया जाना चाहिए। हम भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे, हमें विश्वास है और जनता पर भरोसा है। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत पर मतदाताओं के फैसले को स्वीकार कर आभार जताया है। कांग्रेस राज्य में 60 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। टकम से कम इस बात का संतोष है कि एग्जिट पोल में कांग्रेस को आगे दिखाया जा रहा है।

# दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में सम्मानित हुए मनोज सोलंकी




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा अंतराष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन दिल्ली में हुआ आयोजन में मनोज सोलंकी जॉइंट सेक्रेटरी एमपी स्टेट को आउट आफ स्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार संदीप कुमार , अभिनव सक्सेना रणजीत यादव डॉ रजनी वर्मा, अक्षय वर्मा एवं नरसिंहपुर से रणजीत सिंह तोमर रजनीश कौरव राजेश चौकसे रामकुमार कहार एवं फिलिस्तीन के राजदूत व अन्य राज्य से पदाधिकारी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में फिलिस्तीन के राजदूत द्वारा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार की अनुसंशा पर मनोज सोलंकी जी को अपने अच्छे कार्य के लिए मानव अधिकार सम्मान से सम्मानित किया गया एवं उनके



उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस मौके पर मीडिया से बात करते हुऐ मनोज सोलंकी ने बताया की अधिवेशन में दिल्ली के सम्मानित अथिति की उपस्थिति गरिमा मई रही एवं विदेशी मेहमानों ने भी उक्त आयोजन में अपना अमूल्य समय दिया मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष का साधुवाद करना चाहता हूं जिन्होंने अलग अलग राज्य से आय व्यक्ति में से भोपाल के छोटे से कार्यकर्त्ता को सम्मानित किया।

### अपराध स्थल के निरीक्षण के समय क्या-क्या सावधानियां रखी जाएं

# इस विषय पर कमिश्नर कार्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। गंभीर अपराधों के अनुसंधान में अधिकारियों,विवेचकों की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में बुधवार दोपहर कमिश्नर कार्यालय सभागार में नगरीय पुलिस भोपाल के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों हेतु एक दिवसीय सीन ऑफ क्राइम पर अधिकारी प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया।÷सीन ऑफ क्राइम कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला ,पुरुष संबंधी गंभीर अपराधों मे घटना स्थल पर अनुसंधानकर्ता क्या-क्या साक्ष्य मिल सकते हैं और अपराध स्थल का निरीक्षण करते समय क्या-क्या महत्वपूर्ण सावधानियां रखी जाएं, ताकि पीड़ित को न्याय एवं अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डॉ.हर्ष शर्मा सेवनिर्वृत डाइरेक्टर स्टेट फोरेंसिक साइंस लाबोरेटरी, मध्य प्रदेश ने बताया कि एक अनुसंधानकर्ता को गंभीर अपराधों मे घटना स्थल पर क्या-क्या साक्ष्य मिल सकते हैं, उन्हें कब और कैसे संरक्षित करना है। अपराध स्थल का निरीक्षण करते समय उन्हें संवेदनशीलता से एवं विवेकपूर्ण तरीके से क्या-क्या महत्वपूर्ण सावधानियां बरती जानी चाहिए, ताकि पीड़ित को न्याय एवं अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। डॉ.शर्मा ने हत्या, रेप, चोरी, लूट एवं डकैती समेत अनेक मामलों में विभिन्न तथ्यों एवं साक्ष्य के आधार में मामलों के पर्दाफाश करने तथा अपराधियों को सजा दिलाने में पुलिस को मिली सफ़लता के बारे मे व्यावहारिक उदाहरण दिए, साथ ही बताया कि उनके द्वारा 40 वर्ष की सेवा अवधि में लगभग 4 हजार केस साल्व किए, जिनमें केवल अपराध स्थल से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य के आधार पर पीड़ित को न्याय एवं अपराधियों को दण्ड मिल सका। डॉ.शर्मा प्रदेश में ही नहीं ब्लकि अन्य प्रदेशों एवं विदेशों में भी फोरेंसिक साइंस एण्ड सीन आफ क्राइम पर प्रशिक्षण देते हैं। इस अवसर पर सेमिनार में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा समस्त अधिकारियों को व्यावहारिक उदाहरण देते हुए उत्कृष्ठ अनुसंधानकर्ता बनने हेतु अपराध स्थल का गंभीरता एवं विवेकपूर्ण तरीके से निरीक्षण, साक्ष्य संरक्षण इत्यादि विषयों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।




# झोपड़ी वासियों को मिलेंगे पक्के मकान सुराज नीति 2023 के अन्तर्गत भोपाल बनेगा स्लम फ्री



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

**भोपाल।** कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार को बीडीए के दफ़्तर में भोपाल के विभिन्न स्थानों पर स्थित स्लम के रहवासियों को पक्के आवास देने सुराज नीति 2023'' के अन्तर्गत नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा दिये गये प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया एवं विभिन्न निर्देश भी दिये गये। इसी के साथ भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा भोपाल में प्राधिकरण द्वारा 30 वर्ष से अधिक पुरानी योजनाओं पर ÷मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति 2022 के तहत 4 योजनाओं के संबंध में नगर निगम भोपाल के कन्सलटेंट ने प्रजेन्टेशन का प्रस्तितीकरण किया। भोपाल को स्लम फ्री बनाने सुराज नीति 2023'' के अन्तर्गत स्लम के रहवासियों को पक्के आवास देने के संबंध बैठक में चर्चा की गई एवं इनके अंतर्गत बनने वाले भवनों के संबंध में कलेक्टर ने विभिन्न निर्देश दिए। उन्होंने सुराज नीति के अन्तर्गत ईडब्ल्यूएस भवनों की ऊँचाई 12 मीटर अर्थात भूतल प्लस 3 मंजिलीय भवन बनाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि संजय काम्पलेक्स चरण-2 मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति 2022÷ के अन्तर्गत योजना को मूर्तरूप प्रदान करते समय योजना के आगे के भाग को कमर्शियल एवं पीछे के भाग को आवासीय रखा जाये। कलेक्टर ने कहा कि अंकुर काम्पलेक्स मार्केट एवं उसके पीछे स्थित 4 ब्लाक की भूमि पर ÷मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति 2022÷ के अन्तर्गत योजना तैयार की जाये एवं साथ ही साथ इस भूमि से अंकुर खेल परिसर के मध्य स्थित स्लम को भी सुराज नीति के अन्तर्गत योजना प्राधिकरण द्वारा तैयार की जाये साथ ही कलेक्ट्रेट आफिस के पीछे स्थित भूमि पर ÷मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति 2022 के अन्तर्गत योजना तैयार की जाये। उन्होंने बैठक में निर्देश दिये कि नगर निगम द्वारा सुराज नीति 2023 के अन्तर्गत फैक्कर अस्पताल के सामने स्थित सम्पूर्ण स्लम एवं दुर्गानगर स्थित संपूर्ण स्लम को लेकर योजना पुन~ तैयार की जाए।



# डॉ. भीमराव अम्बेडकर कोचिंग सेंटर सतना के छात्र छात्राओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**कैलाश कुमार - सह संपादक/सतना।** सतना जिला के अमौधा नई बस्ती वार्ड नंबर 1 में विगत कई वर्षों से संचालित डॉ.भीमराव अम्बेडकर कोचिंग सेंटर के समस्त छात्र छात्राओं ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर संविधान पैदल यात्रा एवं रैली अमौधा नई बस्ती ,करही पार, टावर वाला अमौधा , शेरगज आदि जगहों पर संविधान यात्रा निकाली गई और अमौधा बाबा साहब प्रतिमा के पास संविधान उद्देशिका का वाचन और भारतीय संविधान की प्रार्थना की गई जिसमे कोचिंग के समस्त छात्र छात्राएं शामिल रहे।




# शहडोल में पटवारी हत्याकांड में नया ट्विस्ट,चाचा बोले मेरा भतीजा कातिल नहीं तो कौन है असली गुनहगार

**गंगाधर चौधरी**

**पहली आवाज जिला चीफ ब्यूरो शहडोल।** शहडोल। शहडोल जिले में पटवारी हत्याकांड का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। इसमें हर दिन कोई न कोई नया मोड़ आ रहा है। पटवारी हत्याकांड में पुलिस ने जिस युवक को मुख्य आरोपी बनाया है अब उसके परिजनों ने कई ऐसे बड़े आरोप लगाए हैं जिसके बाद अब पुलिस के काम पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। इस हत्याकांड में नया ट्विस्ट आने के बाद अब हर कोई यह जानना चाह रहा है कि आखिर इसके पीछे का सच क्या है ?

### पटवारी हत्याकांड में नया मोड़

पटवारी हत्याकांड में पुलिस ने जिस युवक को मुख्य आरोपी बनाया है उसके चाचा राम प्रकाश विश्वकर्मा कहते हैं कि जिस रात ये घटना हुई उस रात उनका भतीजा घर पर सोया हुआ था माफिया ने उसे रात में बुलाया और बोला की जूते खरीदने के लिए एक हजार रुपये देता हूं फिर जूता के लिए पैसा दिए या नहीं दिए पता नहीं और बोले कि यह ट्रैक्टर ले जाकर थाने में खड़ा कर दो थाने में जब वह ट्रैक्टर खड़ा करने गया तो उस पर आरोप लगा दिया कि इसी ने एक्सीडेंट किया है।

### जबरदस्ती फंसाया जा रहा

आरोपी के चाचा का आरोप है कि पटवारी हत्याकांड में मेरा भतीजा शामिल नहीं है उसे जबरदस्ती फंसाया जा रहा है। यहां के बड़े-बड़े आदमी ठाकुर लोग जबरदस्ती ऐसा कर रहे हैं। मेरे भतीजे का नाम शुभम विश्वकर्मा है। पूरा परिवार थाने आया हुआ है झूठ बोलने की कोई बात ही नहीं है। रात में पूरा परिवार घर में सोया था गांव से दो-तीन आदमी भी यहां आये हैं जो उसे गांव में देखे थे शुभम की मां का भी कहना है कि उसके बेटे को इस हत्याकांड में जबरदस्ती फंसाया जा रहा है।



### पटवारी की मौत के बाद घटनास्थल पर पुलिस अधिकारी

### जानिए क्या है पटवारी हत्याकांड ?

दरअसल अभी कुछ दिन पहले ही शहडोल जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र में रेत माफिया ने एक पटवारी को ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था इसके बाद पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल की मौके पर ही मौत हो गई थी जिस पटवारी को ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतारा गया वे देवलोंद थाना क्षेत्र के झिरिया गोपालपुर में अवैध खनन रोकने गए थे वह रीवा जिले के रहने वाले थे और फौज की नौकरी से रिटायर होने के बाद उन्होंने पटवारी की सर्विस ज्वाइन की थी।

### शुभम नहीं तो फिर आरोपी कौन


इस हत्याकांड के बाद शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने रात में ही हत्या के आरोपी पर 30 हज़ार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। घटना के कुछ घंटे बाद ही सुबह पुलिस ने ट्रैक्टर चालक शुभम विश्वकर्मा को पकड़कर हत्या का मुख्य आरोपी बना दिया था अब शुभम के परिजनों के आरोप ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं सवाल यही है कि आखिर सच्चाई क्या है, यहां सच कौन बोल रहा है, यदि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी शुभम नहीं तो फिर कौन है।



# गुरु नानक जयंती पर विशाल लंगर , रागी जत्था ने की शब्द कीर्तन रस की वर्षा

**शहडोल से गंगाधर चौधरी**

शहडोल। शहडोल जिले के बुढार सिख गुरुद्वारा में मंगलवार को सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी की 554 जयंती विविध धार्मिक कार्यक्रमों व विशाल लंगर के साथ मनाई गई। प्रातः 10:00 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति उपरांत निशांत साहब की सेवा तत्पश्चात पटियाला के सुमित सिंह के साथियों द्वारा शब्द कीर्तन रस की वर्षा की। रागी जत्थों ने गुरु नानक देव जी के धार्मिक गीतों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इसके उपरांत गुरु नानक देव जी की जयंती के 1 दिन पूर्व समाज के बच्चों द्वारा गुरु नानक देव जी की अमृतवाणी कविताएं पढ़ने पर उनके उत्साहवर्धन हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा ने गुरु नानक देव जयंती के उपलक्ष में प्रभात फेरी में अपनी भूमिका निभाने वाले श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव की मंगल कामना की। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा ने गुरु नानक देव जी के जीवनी पर रोशनी डालते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने सिख समाज को ही नहीं हर समाज में मानवता का पाठ पढ़ाया है। ऐसे महान पुरुष को मेरा शत-शत नमन है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण उपरांत विशाल लंगर का आयोजन किया गया जहां सिख समुदाय के अलावा अन्य धर्म को लोगों ने पंगत में बैठकर लंगर छका। लंगर वितरण में अभिजीत सिंह छाबड़ा राजा छाबड़ा हरनेक सिंह खनूजा ईश्वर रिकी दुआ सुरेंद्र छाबड़ा सनी सलूजा आशीष सलूजा मनजीत सिंह मनप्रीत इंद्रपाल छाबड़ा टिंकू छाबड़ा रतन प्रकाश सलूजा का सहयोग रहा है। कार्यक्रम में नगर के राजनीतिक दल के नेता समाजसेवी डॉक्टर पत्रकार मौजूद रहे ।



# युवाओं में अनुशासन देश भक्ति चरित्र निर्माण एवं सेवा विकसित करना है उद्देश्यः डॉ.अग्रवाल

**शासकीय नेहरू महाविद्यालय में संविधान दिवस एवं 75वीं एनसीसी स्थापना दिवस संपन्न**

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी।**

शहडोल। शहडोल जिले के बुढार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को भारतीय संविधान निर्माता दिवस एवं एनसीसी की 75वीं स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाई गई। भारतीय संविधान की रचना में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा जो भारतीय संविधान की शिल्पी बने भारतीय संविधान का संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। एकता और अनुशासन एनसीसी दिवस की 75वीं स्थापना दिवस प्राचार्य डॉ0 आशा अग्रवाल के मुख्य अतिथि एमपी 7 एनसीसी हवलदार राधेश्याम मानवेंद्र लेफ्टिनेंट मनोज कुजूर फर्स्ट ऑफिसर एसके सिंह के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर नागमणि मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा एवं संगीत की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया वहीं एनसीसी कैडेटों ने गुलदस्ता एवं बैच लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात जूनियर एवं सीनियर कैडेट ने देश भक्ति तराने प्रस्तुत करने के साथ-साथ एकल नृत्य सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई । मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ0 आशा अग्रवाल ने संविधान दिवस की विधिवत जानकारी से अवगत कराया और कहा कि एनसीसी का मुख्य देश युवा नागरिकों के बीच अनुशासन चरित्र भाईचारे साहस की भावना और









निस्वार्थ सेवा के आदर्शो को विकसित करना है उन्होंने वर्दी में सजे हुए देश के विद्यार्थियों पर एक देश भक्ति कविता के माध्यम से देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। लेफ्टिनेंट मनोज कुजूर ने एनसीसी दिवस की विधिवत जानकारी देते हुए बताया कि पंडित हृदयनाथ कुजूरू ने 1948 में एनसीसी की स्थापना की यह संगठन देश के जल थल नभ के बाद दूसरी शक्ति है जो प्राकृतिक आपदा और देश के संकट के दौरान एनसीसी अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाती है। फर्स्ट ऑफिसर एसके सिंह एमपी एनसीसी हवलदार राधेश्याम मानवेंद्र गंगाधर चौधरी ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता कर नहीं प्रोफेसर डॉ0 नागमणि मानिकपुरी ने कहा कि कहां यह संगठन भारतीय सेवा को सहायता देने के अलावा देश में आपातकालीन स्थितियो मैं अपने महत्वपूर्ण योगदान देता है। केक काटकर मनाया एनसीसी दिवस अतिथियों ने केक काटकर एनसीसी दिवस मनाया गया। मंच का सफल संचालन की नियासा सिंह कसक हरजोत ने जब की आभार प्रदर्शन विनयकांत प्यासी द्वारा किया गया। एनसीसी गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जूनियर एवं सीनियर एनसीसी कैडेट भारी संख्या में मौजूद रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कैलाश कुमार - सह संपादक - युवा प्रदेश**




**रोहित तिवारी/शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ईवीएम एवं डाक मतपत्र गिनने के लिये लगाई गई टेबल, स्ट्राँग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम पहुँचाने के लिये बनाए गए अलग-अलग कारिडोर, प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था, मतगणना परिसर में प्रवेश, सहित मतगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इसी प्रकार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक ने मतगणना संबंधित अन्य जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोमोनुस टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजू लता पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# अंतिम संस्कार के लिये शमशान शमशान भटकता रहा लावारिस शव कहाँ होऊंगा दफ़न





**शहडोल।** एक अज्ञात व्यक्ति जो की कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज शहडोल में टीवी की बीमारी से भर्ती हुआ था उपचार के दौरान उस अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु 6 दिन पहले हो गई मेडिकल कॉलेज से सूचना सोहागपुर पुलिस चौकी को दी गई पुलिस चौकी के माध्यम से वरिष्ठ समाजसेवी मैरीना टाइपिंग के संचालक रंजीत बशाक को दी गई सूचना उपरांत बशाक जी द्वारा नंदी गौ सेवा जानकारी देते हुये बताया कि एक अज्ञात शव को दफनाना है आपकी टीम भाजपा युवामोर्चा प्रदेशकार्य समिति के सदस्य वार्ड नंबर 19 के पार्षद सिल्लू रजक विकास जोतवानी आप सभी लोग मेडिकल कॉलेज पहुंचकर शव को लेकर मरघटी पहुँचे शव वाहन की सेवा रंजित बसाक और खफन दफ़न की व्यवस्था ताम्रकार जी द्वारा की गई वहीं पुलिस पंचनामें के बाद शव को बाणगंगा मेला मैदान के सामने पहुंच गए पर वहां पर शव को दफन होने





नहीं दिया गया क्योंकि इस पुन्य कार्य के लिये सिल्लू रजक के माध्यम से नगर पालिका की जेसीबी मशीन बुलाई गई थी और कुछ स्थानीय लोग व पार्षद गण नहीं चाहते थे को बांणगगा शमशान में दफन किया जाए जब इस विषय में नगर पालिका सीएमओ सर से बात की गई तो वह अपना पल्ला यह कहकर झाड़ दिया कि वहां के स्थानीय लोगों को दिक्कत है कई नेता अधिकारियों से बात करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला की शव को आकाशवाणी के सामने शमसान में दफनाया जाए 3 घंटे तक कुछ वरिष्ठ अधिकारी और पार्षद गणों द्वारा शव को लावारिस बना दिया शव अपना दफ़न होने के लिये तरसता रहा और लोग अपना उल्लू सीधा करते रहे अपनी राजनीतिक दबंगई और रूआब झरतें हुये लावारिस शव पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक चुके थे और उस गुमान में लोग ये भूल जाते है की एक दिन वो भी शव कहलाये गे बस भगवान उनको लावारिस न करे 3 घण्टे के बाद सिल्लू रजक रोहित तिवारी विकास जोतवानी महंती माली एस आई वर्मा जी आप सभी के सहयोग से अकाश वाड़ी के सामने शव को खफन दफ़न किया गया?

# कोतवाली पुलिस ने चोरी के 24 घंटे के भीतर 02 चोर को गिरफ्तार किया

**रिपोर्ट रोहित तिवारी**

शहडोल। दिनांक 29.11.2023 को थाना कोतवाली शहडोल में फरियादी अशोक सोनी उम्र 70 वर्ष निवासी सिंधी बाजार शहडोल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29.11.2023 के करीबन 07ः00 बजे रात में दुर्गेश पाण्डेय व सचिन मौर्य सोने चांदी की दुकान में घुसकर 15 नग चांदी की अंगूठी कीमती 5,000 रूपये की चोरी कर लिए हैं कि सूचना पर थाना कोतवाली में धारा 457,380 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की हुई 15 नग अंगूठी बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। चोरी में शामिल दुर्गेश पाण्डेय पिता स्वर्गीय अशोक पाण्डेय उम्र 25 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शहडोल के विरूद्ध पूर्व से 02 अपराध चोरी के एवं 02 अपराध मारपीट के पंजीबद्ध है एवं आरोपी सचिन पिता शत्रुधन लाल मौर्य उम्र 26 वर्ष निवासी चिकवान मोहल्ला पुरानी बस्ती शहडोल के विरुद्ध पूर्व से 01 अन्य अपराध चोरी के पंजीबद्ध है। उक्त आरोपी के गिरफ्तारी एवं चोरी गया मशरूका को बरामद करने में थाना प्रभारी कोतवाली के निर्देशन में प्रआर0 महेन्द्र पाल शुक्ला, आर0 शशि सिंह एवं रामराज लोधी की सराहनीय भूमिका रही।



# शहडोल : पैरामेडिकल नर्सिंग छात्र/छात्राओं ने किया रक्तदान





**शहडोल।** खून के रिश्तों को दुनिया का सबसे अटूट बंधन माना जाता है, और अपनी रगो में बहते खून की कुछ बूंदो को दान करके आप ऐसे अनजाने लोगो से भी खून का रिश्ता जोड़ सकते है, जो अपनी जिंदगी में जीवन के संघर्ष के समय आपके द्वारा मिले इस तोहफे के दम पर नया जीवन पाकर उम्र भर आपके ऋ्णी रहेगें एवं उनके दिल से निकली दुआ आपके जीवन में नए प्रकाश का संचार करेगी। उक्त उदगार शिवानी पैरामेडिकल कालेज के निदेशक डॉ. डी.के. द्विवेदी ने संस्था शिवानी पैरामेडिकल कालेज मे आयोजित रक्तदान शिविर में छात्र/छात्राओ को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। रक्तदान शिविर में उपस्थित जिला चिकित्सालय शहडोल की ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. सुधा नामदेव ने छात्र/छात्राओ को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया कि रक्तदान का महत्व जीवनदान से कम नही है। परन्तु आज भी हमारे समाज में रक्तदान को लेकर कई भ्रांतियां है, जब कि सामान्य रूप से कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच की हो वह रक्तदान कर सकता है। डॉ. सुधा नामदेव ने संस्था में अध्यनरत पैरामेडिकल व नर्सिंग पाठयक्रम के छात्र/छात्राओ से अपील की कि वे रक्तदान के लिए लोगो को जागरूक करने का भी कार्य करे। संस्था में आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था के निदेषक डॉ.डी.के.द्विवेदी ने स्वयं रक्तदान कर छात्र/छात्राओ का उत्साह वर्धन किया। शिविर में संस्था के शैक्षणिक व अषैक्षणिक स्टाफ डॉ. रूद्र द्विवेदी, शरद नामदेव, ओमनारायण राठौर, आदित्य श्रीवास्तव, कौषलेष सूर्यवंशी, डा. अनिल वर्मन, राजेश सिंह, संजय गुप्ता, निलिमा तिवारी, रजनीश त्रिपाठी, अनिरूद्ध सिंह, दिव्यांश मिश्रा, आकांक्षा पाठक, प्रिया तिवारी, पारस सोंधिया नर्सिंग इंचार्ज मंगला श्रीवास, सुमन विश्वकर्मा, प्रीती विश्वकर्मा, सुनील प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, ज्योति पाण्डेय, यासमीन बी, उजमा कुरैशी, नीतू जायसवाल, रमा सिंह, पूजा कुशवाहा, दीपांजली पटेल, इत्यादि लोग उपस्थित रहे। साथ ही संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओ में से कल्पना पटेल, अनीषा पटेल, युकेशरी पन्द्राम, आरती केवट, रूकसार मंसूरी, बागेश्वरी देवी, शशिकला सिंह, जान्हवी पाण्डेय, सायना खान, दिव्यानी, प्रदीप सिंह, मानसी जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, भगत राम प्रजापति, सुनीना सिंह, मनीषा सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, नीरज चौधरी, सत्यप्रकाश राव, नीरज सिंह, सीमा केवट, सुदीपा सिंह, गायत्री सिंह, ममता सिंह, संजना सिंह, अमन त्रिपाठी, हर्ष गुप्ता, रौनक यादव, शिवेन्द्र साहू, रोशनी सिंह, पूजा प्रजापति, गीता सिंह, राज नंदनी कचेर, आरती राठौर, अलका पटेल, मिनाक्षी प्रजापति, राजकमारी मरावी, राजकुमार पटेल, राजीव कुमार बैगा, शालिनी साहू, निषा पनिका, अक्ष फातिमा, मनीषा केवट, शालू भारती पटेल, अदिती सिंह, राहुल प्रजापति, हुसैन बोहरा।

# उप संचालक श्री जी.एस. मर्सकोले मीडिया सेंटर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**रिपोर्ट रोहित तिवारी**

शहडोल - अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोमोनुस टोप्पो ने आदेश जारी कर कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना हेतु पॉलीटेक्निक कालेज शहडोल में मतगणना स्थल पर बनाए गए मीडिया सेंटर की व्यवस्थाएं हेतु उप संचालक जनसम्पर्क शहडोल श्री जी.एस. मर्सकोले को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उप संचालक जनसम्पर्क शहडोल विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना दिनांक 03 दिसम्बर 2023 को मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों के बैठने सहित अन्य व्यवस्थाएं एवं काउण्टिग हाल में समय-समय पर मीडिया कर्मी को विधानसभा वार भ्रमण कराने एवं उन्हें मतगणना के दौरान राउंडवार परिणामों से अवगत कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि उप संचालक जनसम्पर्क श्री जी एस मर्सकोले मीडिया कर्मियों के मोबाईल को सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था सुनिश्चत करेंगे।



# जेपी अस्पताल में चार सौ से अधिक औषधीय प्रजातियों के रोपेंगे पौधे

भोपाल। प्रदेश में पर्यावरण को बचाने के लिए अब शासकीय अस्पतालों में बड़े स्तर पर बाटनिकल गार्डन को तैयार कराया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग आगे आया है। प्रदेश के सभी अस्पतालों को इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसी क्रम में राजधानी के जेपी अस्पताल में इसे लेकर तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू कर दी गई हैं। अस्पताल प्रबंधन ने उनके यहां काम करने वाले सभी चिकित्सकों से अस्पताल को पौधा भेंट करने के लिए कहा है। इतना ही नहीं, जो चिकित्सक जिस पौधे को दान करेगा, वो उसका अस्पताल के गार्डन में रोपण भी करेगा। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जेपी में चार सौ से अधिक औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इसे लेकर नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने सभी जिला अस्पतालों में बाटेनिकल गार्डन तैयार करने के आदेश दिए हैं। कायाकल्प अभियान के तहत ऐसे गार्डन को अनिवार्य बनाया गया है। हरके पौधे पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे।

### अन्य राज्यों से आए लोगों ने वर्षों ने कर रखा था सड़क किनारे अवैध कब्ज़ा

# स्थानीय व फुटकर व्यापारी के रूप में सिर्फ़ स्थानीय लोगों को ही मिलना चाहिए अवसर - अरुण पाण्डेय

- **शिवसेना की मांग पर ज़िला प्रशासन की ज़ोरदार कार्यवाही**
- **अवैध कब्ज़ा हटाने की प्रक्रिया आरंभ, शिवसेना ने किया समर्थन**



**जगदलपुर।** गौरतलब हो कि बस्तर अंचल में प्राकृतिक सम्पदा कि भरमार है। यहां आसानी से डिगर राज्य के लोग आ कर सरकारी जमीनों और मुख्य बाज़ार के चारों तरफ़ सड़क किनारे कब्ज़ा करके बस्तर वासियों के अधिकार पर अवैध कब्ज़ा करके वर्षों से बैठे हैं। शिवसेना द्वारा लगातार इस विषय पर नगर निगम और ज़िला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाते रहा है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता चंचलमल जैन ने प्रेस को एक विज्ञप्ति जारी करके बताया कि संभाग मुख्यालय जगदलपुर में अवैध कब्ज़ा हटाने के लिए आज हुई अचानक होने वाली कोई घटना नही है बल्कि यह कार्यवाही शिवसेना के मांग पर ध्यानाकर्षित करने के बाद ही हुई है। ऐसा विश्वास उन्होंने दिखाते हुए कहा कि डिगर राज्य से लोग बस्तर आ जाते हैं वे आए उनका स्वागत है लेकिन यहां आकर बस्तर के स्थानीय युवाओं का हक़ और अधिकार न छीने। शिवसेना के द्वारा किए गए निरिक्षण में यह तथ्य सामने आया हैकि फुटकर व्यापारी का चोला पहने हुए अधिकतर लोग छत्तीसगढ़ राज्य के हैं ही नही। बल्कि वे लोग बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे अन्य राज्यों से यहां आकर अस्थाई रूप से बसे लोग हैं। शिवसेना द्वारा यह स्पष्ट किया गया हैकि उनका विरोध किसी अन्य राज्य के सभी लोगों के लिए नही है बल्कि अस्थाई रूप से पलायन करके आए हुए लोगों द्वारा स्थानीय रोज़गार के अवसर पर डाका डालने को लेकर है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता चंचल मल जैन ने कहा हैकि जो कोई बस्तर में जन्म लिया यहां उसकी शिक्षा दीक्षा हुई, यहां उसका धंधा पानी पानी रोज़गार है, यही उसका पोषण हुआ तो वह बस्तर का ही नागरिक है ऐसे लोग चाहे जिस अन्य राज्य से भूतकाल में बस्तर आकर बसें हैं उनका कोई विरोध नही है। लेकिन अपने राज्य कि सरकार कि नाकामी के कारण स्थानीय स्तर पर रोज़गार कि व्यवस्था नही होने के कारण यहां बस्तर में आकर चंद लोग स्थानीय युवाओं के अधिकार का हनन कर रहे हैं। शिवसेना इसका ज़ोरदार तरीके से विरोध करते आई है और आगे भी करेगी।

### शिवसेना चाहती है फुटकर व्यापारी बस्तर के स्थानीय लोग हो

शिवसेना के नेता अरुण पाण्डेय द्वारा यह स्पष्ट किया गया हैकि बस्तर में फुटकर व्यापारी के रूप में यदि कोई व्यवसाय करके अपना जीविकोपार्जन करने कि कोशिश करें तो कोई बुराई नही है लेकिन इस व्यवसाय में सबसे पहला हक़ बस्तर के स्थानीय युवाओं का है। स्थानीय व छोटे स्तर के रोज़गार पर अगर बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो ग़रीब तबके के स्थानीय लोग क्या करेंगे? उन्होंने मांग किया है कि नगर निगम और ज़िला प्रशासन को फुटकर व्यापारी के रूप में सिर्फ़ और सिर्फ़ बस्तर के मूल निवासियों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। किसी प्रकार के दुकान, ठेला या फुटकर व्यापार के लिए स्थान भी स्थानीय निवासिओं को ही दिया जाना चाहिए।

### चौपाटी में भी अन्य राज्य से आए लोगों का है कब्ज़ा

शिवसेना नेता अरुण पाण्डेय ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आज जगदलपुर शहर लगातार विकसित होते जा रहा है। ऐसे में बाहर राज्य और अन्य ज़िलों से भी लोग यहां आकर बसने लगे हैं, उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि आज जगदलपुर में भी पिछले कुछ वर्षों से चौपाटी कल्चर की शुरुआत हुई है। ऐसे में नगर में आज शहीद पार्क, दंतेश्वरी मंदिर क्षेत्र और दलपत सागर क्षेत्र प्रमुख चौपाटी हैं। यहां प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में लोग आते हैं और चौपाटी में दुकान लगाने वाले सभी का लाखों का व्यवसाय होता है। बाहर से आए व्यापारी ज़ोरदार पैसा कमाते हैं और कमाई किए हुए धन को अपने राज्य में ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में इससे बस्तर के स्थानीय लोगों को कोई व्यवसायिक लाभ नही होता है न ही बस्तर के राजस्व वृद्धि में ही उनका कोई बढ़ा योगदान होता है। शिवसेना द्वारा यह मांग प्रशासन से किया जाता हैकि गुपचुप, चाउमीन ठेला से लेकर जूते चप्पल, कपड़े, चाय और फल दुकान जैसे जितने भी फुटकर व्यापार हैं उनपर शत प्रतिशत स्थानीय लोगों को होना चाहिए न की डिगर राज्य से आए हुए लोगों का। उन्होंने बताया कि कैसे गुपचुप चाट के व्यापारियों द्वारा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के आए लोगों का कब्ज़ा है। इस व्यवसाय में बस्तर के स्थानीय लोगों को अवसर मिलना चाहिए इसके लिए प्रशासन को इस व्यापार के लिए प्रशिक्षण के साथ स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। बाहरी लोगों द्वारा व्यापार के नाम पर किए गए अवैध कब्ज़ा हटाने के प्रशासनिक कार्यवाही का उन्होंने समर्थन किया है।

# कलेक्टर ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की समीक्षा

## विशेष सफाई अभियान 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक

## कचरा करने वालों पर किया जाए नियमानुसार कार्यवाही




**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई,कचरा प्रबंधन के कार्य को दुरुस्त करें, इसके लिए विशेष सफाई अभियान 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक संचालित करें। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था को सतत निरीक्षण पर जोर देते हुए शनिवार को खुद निरीक्षण दौरे पर रहने की बात कही। शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में नगर निगम के सफाई व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने निगम अमले द्वारा सफाई करने उपरांत वापस कचरा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उक्त कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अन्य लोग कचरा प्रबंधन के प्रति सजग हो। कलेक्टर ने शहर में संचालित एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था, सूखा और गीला कचरा प्रबंधन, स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही कार्यवाही, एमआरएफ सेंटर द्वारा कचरा का प्रबंधन और राजस्व की वृद्धि, कंगोली स्थित लैंड फील्ड साइट की व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की व्यवस्था, सफाई दरोगा-निरीक्षकों के कर्तव्यों सहित नालियों की लगातार सफाई के संबंध में समीक्षा की और सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सफाई कार्य में सूखा व गीला कचरा का अलग-अलग उठाव करवाने कहा। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कचरा उठाव व प्रबंधन में लगे गाड़ियों का संचालन को व्यवस्थित करने और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 15 दिनों के कार्यों का आँकलन कर समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एनयूएलएम को भी स्वच्छता अभियान में जोड़ने के संबंध में भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने बाबू सेमरा में स्थित कचरा प्रबंधन सेंटर द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से संग्रहित की जा रही सूखा और प्लास्टिक सामग्रियों के उचित प्रबंधन और विक्रय की समीक्षा भी की गई। साथ ही रिसाईक्लीन के लिए व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण पर उन्मुखीकरण कार्यशाला जनपद पंचायत ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर के सभागार में आयोजित किया गया।

**शहडोल से रोहित तिवारी की रिपोर्ट**



कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज लारोकर ने जिले के ग्रामीण अंचलों में नवजात शिशुओं के बीमार होने पर दागने जैसी कुप्रथाओं के संबंध में बताया गया कि आंगबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम के साथ संयुक्त रुप से गृह भेंट कर ऐसे बच्चों का चिन्हांकन करते हुये स्वास्थ्य लाभ प्रदाय किया जाए। साथ ही किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 के अन्तर्गत दागने जैसा कृत्य बच्चों के प्रति क्रूरता की श्रेणी में आता है जिसमें सजा व जुर्माने का प्रावधान है। कार्यशाला में लोगो को बताया गया कि किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानो पर विस्तृत चर्चा करते हुये बालको के साथ संवेदनशीलता रखते हुये कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही बाल संरक्षण सेवाओं की विस्तृत जानकारी देते हुये अनाथ व देखरेख संरक्षण वाले बच्चों को पान्सरशिप योजना का लाभ दिलाये जाने संबंधी जानकारी भी दी गई।

मेरा नाम – बहादुर भूरिया
पिता का नाम – तेरू भूरिया
आयु –17/10/1997
निवासी , ग्राम खेड़ली पोस्ट रामा तहसील रामा जिला झाबुआ (मध्य प्रदेश)
मेरे द्वारा पूर्व में आधार कार्ड बनवाया गया है जिसका नम्बर 3765 4238 6631 हैं आधार कार्ड में त्रुटि वंश मेरा नाम बहादुर पिता तेरु लिखा है मेरा सरनेम भूरिया नही लिखा है मेरा सही वा सत्य वा पुरा नाम बहादुर भूरिया , पिता तेरु भूरिया है आधार कार्ड में मेरा नाम बहादुर पिता तेरु के स्थान पर बहादुर भूरिया पिता तेरु भूरिया किये जाने हेतु निष्पादित क्रिया हो कर प्रस्तुत किया जा रहा हैं।




कुरीतियों और रुढ़िवादी विचारों से खूब की लड़ाई ज्योतिबा फुले ने समाज को सत्य की ज्योति दिखाई सामाजिक क्रांति के अग्रदूत और नारी शिक्षा व सामाजिक समानता के अधिकार के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले जी के पुण्य तिथि पर सादर नमन

# बीसीएलएल कर्मी पर दर्ज एफआइआर खारिज करने को कोर्ट ने ठहराया गलत, दिए कार्रवाई के आदेश

**भोपाल।** जिला न्यायालय के सीजेएम कोर्ट ने बीसीएलएल के संजय सोनी के विरुद्ध दर्ज एफआइआर को खारिज करने की एमपी नगर पुलिस की रिपोर्ट को गलत मानते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने एफआइआर को यथावत रखते हुए सोनी के विरुद्ध निश्चित समयसीमा में कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



बीसीएलएल कर्मी संजय सोनी ने स्वयं को पीआरओ पदस्थ होना दर्शाया था, जिस पर आवेदक चरणजीत सिंह गुलाटी ने न्यायाधीश रोहित श्रीवास्तव के न्यायालय में एक परिवाद पत्र धारा 156 (3) का प्रस्तुत किया था। इसमे आरोपित संजय सोनी के विरुद्ध स्वयं को पीआरओ और भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड में कार्यरत होने के संबंध में झूठा शपथ पत्र देना पाया गया था। सीजेएम ने चरणजीत का आवेदन पत्र स्वीकार कर आरोपित संजय सोनी के विरुद्ध धारा 420 भादसं का अपराध पंजीबद्ध कर जांच करने का आदेश दिया था। न्यायालय द्वारा उक्त परिवाद को स्वीकार करने के आदेश के विरुद्ध अभियुक्त संजय सोनी द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षण याचिका को भी विशेष न्यायालय द्वारा निरस्त करते हुए अधीनस्थ न्यायालय के आदेश को यथावत रखे जाने का आदेश पारित किया था, लेकिन इसके बाद भी एमपी नगर पुलिस द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत भी पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य एवं अनुसंधान नहीं करते हुए खारिजी की गई थी।

# जबलपुर, भोपाल और इंदौर में वर्षा के आसार, सुबह कोहरा छाने के आसार



**भोपाल।** प्रदेश में इस समय अलग-अलग स्थानों पर चार मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। वहीं वर्तमान में अरब सागर के साथ ही बंगाल की खाड़ी से भी लगातार नमी आ रही है। इस वजह से प्रदेश में बादल बने हुए हैं। साथ ही रुक-रुककर वर्षा हो रही है। निचले स्तर पर बादल बने रहने और वातावरण में बड़े पैमाने में नमी के कारण सुबह के समय घना कोहरा भी छा रहा है। गुरुवार को भोपाल में सुबह सात बजे से आठ बजे तक दृश्यता 50 मीटर रह गई थी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार शुक्रवार को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। उधर, गुरुवार को सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक गुना में 15, खजुराहो में 6.8, टीकमगढ़ में छह, नौगांव में पांच, भोपाल में पांच, उमरिया में चार, दमोह में तीन, पचमढ़ी में दो, बैतूल, सागर, सीधी और जबलपुर में एक, सतना में 0.2, इंदौर में 0.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। राजस्थान में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर दक्षिण-पश्चिमी मध्य प्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। उत्तरी महाराष्ट्र पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर बनी इन मौसम प्रणालियों के असर से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार नमी आ रही है। इस वजह से भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में वर्षा हो रही है। अभी दो दिन तक बादल बने रहने की संभावना है।

# निगम आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक के घर बुलडोजर भेजने की निंदा, बिजली कनेक्शन काटने के नोटिस पर कार्रवाई

**ग्वालियर।** महाप्रबंधक शहर वृत के निज निवास पर आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा की गई की निंदा मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने की है। इस मामले को लेकर लामबंद हुए सहायक अभियंता, कार्यपालक निदेशकों ने कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ऊर्जा विभाग के निर्देश पर विद्युत बिल भुगतान नहीं होने की स्थिति में विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाती है। नगर निगम ग्वालियर से संबंधित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए कहा गया था। लेकिन नियत अवधि में बिजली बिल भुगतान नहीं किया गया है। बिजली बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने का नोटिस जारी किया गया। आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा बिजली बिल का भुगतान न करते हुए कनेक्शन काटने की नियमानुसार की गई कार्रवाई को व्यक्तिगत लेते हुए महाप्रबंधक



शहर वृत नितिन मांगलिक के निज निवास जो लगभग 35 वर्ष पहले से निर्मित है पर बुलडोजर भेजकर जो काम किया गया उससे उनके परिवारी जन भयभीत व असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा किसी जिम्मेदार विद्युत अधिकारी के प्रति व्यक्तिगत रूप से की गई कार्यवाही की निंदा करता है साथ भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृति न हो इसके लिए उचित कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

# भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग बंद करने की तैयारी का दावा, सरकार का इंकार

**भोपाल।** गैस पीड़ित संगठन भोपाल ग्रुप फार इंफारमेशन एंड एक्शन की संयोजक रचना ढींगरा ने दावा किया है कि राज्य सरकार भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को बंद करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें हाल ही में एक गोपनीय दस्तावेज मिला है, जिसमें विभाग को बंद करने की योजना बताई गई है। राज्य मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा किए जाने वाली इस योजना में गैस राहत विभाग द्वारा संचालित पांच अस्पतालों और नौ औषधालयों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभागों को सौंपने का प्रस्ताव है। ढींगरा ने कहा, यह कुतर्क किया जा रहा है, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन आने पर इन अस्पतालों में भोपाल गैस पीड़ितों की उपचार सुविधा में सुधार होगा। हालांकि, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि इस तरह का कोई प्रस्ताव कभी नहीं रहा। भोपाल में यूनियन कार्बाइड हादसे के 40 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में पत्रकारों से बातचीत में रचना ढींगरा ने यह दावा किया। गैस पीड़ित संगठनों ने कहा कि विभाग बंद करने का प्रस्ताव बहुत ही निंदनीय है। संगठनों ने इस बात पर खुशी जताई कि 40 साल पूरा होने के ठीक पहले हम द डाव केमिकल कंपनी, यूएसए के प्रतिनिधि को भोपाल जिला अदालत में पेश करने में सफल रहे हैं। यूनियन कार्बाइड की मालिक होने की वजह से पहली बार यह कंपनी आपराधिक प्रकरण में हाज़िर हुई है।




# 21 रुपए महंगा हुआ 19 KG सिलेंडर, जानिए घरेलू रसोई गैस के दाम



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को दामों की समीक्षा करती हैं। 1 दिसंबर 2023 की समीक्षा के बाद 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 21 रुपए महंगा कर दिया गया है। अच्छी बात यह है कि 14.2 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं है।

## प्रमुख शहरों में 19KG सिलेंडर के दाम

दिल्लीः 1775.50 रुपए से बढ़कर 1796.50 रुपए
कोलकाताः1885.50 रुपए से बढ़कर 1908.00 रुपए
मुंबईः1728.00 रुपए से बढ़कर 1749.00 रुपए
चेन्नईः 1942.00 रुपए से बढ़कर 1968.50 रुपए

# एमपी में वेटरनरी यूजी सीटों के लिए छह दिसंबर से कालेज लेवल काउंसलिंग

**जबलपुर।** प्रदेश में संचालित हो रहे वेटरनरी यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय की काउंसलिंग कमेटी ने सिर्फ दो आनलाइन काउंसलिंग करने का निर्णय लिया है। प्रवेश प्रक्रिया अब कालेज लेवल काउंसलिंग यानी सीएलसी से होगी। जबलपुर, महू और रीवा स्थित महाविद्यालयों के स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थियों को पूरे दस्तावेजों के साथ छह दिसंबर को वेटरनरी कालेज जबलपुर आना होगा। पंजीयन होने के बाद उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच विश्वविद्यालय की एक्सपर्ट कमेटी करेगी और उन्हें प्रवेश के लिए अनुमति दी जाएगी। सीएलसी राउंड में छह दिसंबर को वेटरनरी, सात दिसंबर को डिप्लोमा और आठ दिसंबर को फिशरी कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसलिंग होगी। सिर्फ नीट में सफल होने वाले विद्यार्थी ही काउंसलिंग का हिस्सा बन सकेंगे। फ्री सीट पर सिर्फ मध्यप्रदेश के विद्यार्थी ही प्रवेश ले सकते हैं।




# मेजबान ओएफके को ओवरआल चैंपियनशिप ट्राफी

**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम एमआइएल एथलेटिक मीट का आयोजन ओलिंपिक ग्राउंड में किया गया। मीट में कुल 39 इवेंट्स जैसे कि 100 मीटर, 200 मीटर 400 मीटर,800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर रिले रेस के साथ-साथ लॉन्ग जंप, शॉट पुट, हाई जंप, डिस्कस थ्रो, भाला फेक, ट्रिपल जंप, पोल वॉल्ट, हेमर थ्रो, रेस वॉकिंग आदि खेलों को सम्मलित किया गया।



100 मीटर में आयुध निर्माणी चांद के सौरभ कुमार गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो महिला वर्ग में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की श्रध्दा बी पवार नें प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में आयुध निर्माणी खमरिया के बाबू माझी नें प्रथम स्थान तो आयुध निर्माणी खमरिया के ही हरेंद्र राय नें शॉट पुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुध निर्माणी देहुरोड के गणेश पांडियन ने 110 मीटर एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में, आयुध निर्माणी नालंदा के अजय कुमार गिरी ने 5000 मीटर एवं 10000 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में 400 मीटर में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की पवार चैटली अशोक, शॉट पुट में आयुध निर्माणी वरंगांव की एनपी देवगिरिकर, भाला फेंक में एम्युनिशन फैक्ट्री खड़की की वर्षा सी शेलखंडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीट का समापन समारोह गुरुवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ले. जनरल एमके दास, परम विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल, जीओसी एमबी के साथ-साथ एमजेड सरवर, महाप्रबंधक ओएफआईएल खमरिया, ब्रिगेडियर ललित शर्मा, कमांडेंट जीआरसी, सीडीआर एएस बिश्नोई नौसैनिक आयुध निरीक्षणालय, एकेएल भगत वैज्ञानिक, एफएचईएमआरएल लेफ्टिनेंट कर्नल एसके गांगुली एमबी एरिया, श्रीमती इंद्राणी हालदार उपस्थित रहीं।

# रेलवे ने इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस को किया रद्द

**रायपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों सुविधाओं के लिए लगातार विस्तार कार्य करवाया जा रहा है। इसकी वजह से ट्रेनों को लगातार रद किया जा रहा है, नतीजतन लोगों को विभिन्न राज्यों की यात्रा के लिए बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसी बीच दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत राऊरकेला-झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच पानपोष में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक लिया जा रहा है। यह ब्लाक का कार्य 29 नवंबर को 03.30 घंटे का लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें एक दिसंबर इतवारी की ओर से आने वाली गाड़ी 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद रहेगी। उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य के लिए कुछ गाड़ियो का परिचालन रहेगा। इसके अलावा उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी रेल मण्डल के छपरा यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसकी वजह से कुछ गाड़ियों का परिचालन रद रहेगा। इसकी वजह से दुर्गङ्कछपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन में ही समाप्त होगी और यह गाड़ी बलिया से ही दुर्ग के लिए रवाना होगी । यह गाड़ी दिनांक 29 दिसम्बर से 11 जनवरी 2024 तक गाड़ी 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस छ्परा के स्थान पर बलिया से रवाना होगी। वहीं, गाड़ी 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस बलिया तक ही चलेगी।




### कटनी रूट की 48 गाड़ियां रद

कटनी रूट पर चंदिया रोड में प्री एनआइ और एनआइ कमीशनिंग का कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी वजह से 25 नवंबर से लेकर चार दिसंबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से इस रूट की ओर से गुजरने वाली 30 से ज्यादा गाड़ियों का परिचालन रद किया गया है। वहीं, पांच दिसंबर से सभी गाड़ियों का परिचालन यथावत किया जाएगा।

### ट्रेनों के रद होने की वजह से बस वालों की चांदी

अमूमन छत्तीसगढ़ से किसी अन्य राज्य के लिए जाने के लिए यात्री ट्रेनों की ही यात्रा करना पसंद करते हैं। वहीं, ट्रेनें रद होने की वजह से बस वालों की मनमानी बढ़ गई है। बसों में यात्रियों से अनाप-शनाप किराया वसूला जा रहा है। जबकि इसके लिए पहले से ही शासन की ओर से दरें निर्धारित हैं। लेकिन फिर भी यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है।

# चुनाव नहीं लड़ने वाले 24 विधायकों को दिसंबर से नहीं मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

**रायपुर।** प्रदेश के 24 विधायकों को दिसंबर से सरकारी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। ये ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने चुनाव नहीं लड़ा है। इनमें कांग्रेस से 22 और भाजपा व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे (जकांछ) से एक-एक विधायक हैं। पार्टी ने इन्हें टिकट नहीं दिया। इनके अलावा चुनाव हारने वाले विधायकों को भी सरकारी सुविधाओं से वंचित होना पड़ेगा। फिलहाल चुनाव नहीं लड़ने वाले विधायकों को विधानसभा सचिवालय ने नो-ड्यूज कराने की सूचना दी है। इसमें बताया गया है कि एक दिसंबर से उन्हें सरकारी बंगला और भत्ता की पात्रता नहीं होगी क्योंकि वह अब पूर्व विधायक हो चुके हैं। विधानसभा सचिवालय के मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि यह प्रक्रिया के तहत ही होता है। चुनाव जीतने के बाद जो नए सदस्य जुड़ते हैं, उन्हें सुविधाएं मिलती हैं। नई विधानसभा गठित होने से पहले पूर्व विधायकों को बंगला खाली करना पड़ता है। बता दें कि एक विधायक को विधानसभा से किराया भत्ता के रूप में हर महीने 30 हजार रुपये दिया जाता है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में मौजूदा 71 विधायकों में से 22 का टिकट काटा है, जबकि भाजपा ने 13 में से एक विधायक का टिकट काटा है। बता दें कि तीन दिसंबर को मतगणना होगी। इसमें 1,181 प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला होगा।




### कांग्रेस के इन विधायकों को अब सुविधाएं नहीं


मनेंद्रगढ़ के विधायक डा. विनय जायसवाल, प्रतापपुर के डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम, रामानुजगंज के बृहस्पत सिंह, सामरी के चिंतामणि महाराज, लैलूंगा के चक्रधर सिदार, सराईपाली के किस्मतलाल नंद, महासमुंद के विनोद सेवनलाल चंद्राकर, बिलाईगढ़ के चंद्रदेव प्रसाद राय, कसडोल के शकुंतला साहू, धरसींवा से अनिता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण के सत्यनारायण शर्मा, दंतेवाड़ा की देवती कर्मा, पाली-तानाखार के मोहित केरकेट्टा, सिहावा की डा. लक्ष्मी ध्रुव, नवागढ़ के गुरुदयाल सिंह बंजारे, पंडरिया की ममता चंद्राकर, डोंगरगढ़ से भुवनेश्वर बघेल, खुज्जी से छन्नी साहू, जगदलपुर से रेखचंद्र जैन, कांकेर से शिशुपाल सोरी, अंतागढ़ से अनूप नाग और चित्रकोट से राजमन बेंजाम।

### भाजपा और जकांछ के एक-एक विधायक

भाजपा से बिंद्रानवागढ़ के विधायक डमरूधर पुजारी और जकांछ से निर्वाचित व वर्तमान में कांग्रेस के नेता व बलौदाबाजार के विधायक प्रमोद कुमार शर्मा को भी दिसंबर से सरकारी आवास व भत्ता की सुविधा नहीं मिलेगी।

# साइन सर्वे में मिल रहे बाघ व तेंदुए के पंजों का निशान

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में वन्य प्राणियों की गणना शुरू हो गई है। पहले तीन दिन साइन सर्वे चल रहा है। इसमें मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना हो रही है। वन अमला बाघ व तेंदुए के अलावा अन्य वन्य प्राणियों के पंजों के निशान मिल रहे हैं। मोबाइल एप पर बकायदा उस जगह को दर्ज भी की जा रही है। साइन सर्वे का गुरुवार को अंतिम दिन है। शुक्रवार से ट्रांजिट लाइन पर गणना प्रारंभ होगी। अचानकमार टाइगर रिजर्व में चल रह वन्य प्राणियों की इस गणना को फोर फेस मानिटरिंग भी कहां जाता है। इसे लेकर रूपरेखा तैयार है। गणना इसी के अनुरूप की जाती है। मंगलवार को पहला दिन था। इसके लिए साइन सर्वे की शुरुआत की गई। इसमें सुबह सात बजे लगभग पांच किमी पैदल चलकर वन अमला मांसाहारी वन्य प्राणियों की गणना है। इस ट्रैक पर चलते समय उन्हें अलग-अलग वन्य प्राणी नजर आए। हालांकि बाघ या तेंदुए तो नहीं दिखे। लेकिन, उनके पंजों के निशान अवश्य दिखें। जिस जगह पर यह निशान मिलें, उस जगह पर मोबाइल एप के माध्यम से रिकार्ड दर्ज किया। इस एप की खास बात यह है कि जंगल के अंदर बिना इंटरनेट के भी आसानी से चलता है। इसलिए रिकार्ड दर्ज करने में वन अमले को परेशानी नहीं हुई। जब गणना पूरी हो जाएगी, एप में अपलोड जानकारी के आधार पर यह आकलन किया जाएगा कि बाघ से लेकर अन्य वन्य प्राणी कितनी संख्या में हैं। यह पद्धति शाकाहारी वन्य प्राणी गणना के दौरान भी अपनाई जाएगी। शाकाहारी वन्य प्राणी गणना के लिए ट्रांजिट लाइन विधि अपनाई जाती है। यह लाइन प्रत्येक बीट पर बनाई गई है और इसकी दूरी दो किमी होती है। हालांकि अभी साइन सर्वे चल रहा है। दो दिन के इस सर्वे में मिले पंजे व अन्य निशान के आधार पर माना जा रहा है कि इस बार बाघ के अलावा अन्य वन्य प्राणी के आंकड़ों में बढ़ोतरी होगी।



# 12 हाथियों के झुंड ने मकान को बनाया निशाना, दीवार में किए कई छेद

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल में लगभग 60 हाथियों के झुंड में से 12 हाथी झिनपुरी भदरापारा में मंगलवार की रात को आ धमके। एक मिट्टी के मकान को जगह-जगह से छेद कर अंदर रखे धान और चावल को खा गए। घर पर रखे सामान को बिखेर दिया। ग्रामीणों ने अपने परिवार सहित भाग कर किसी तरह जान बचाई। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पूरा गांव रतजगा करने को मजबूर हो गया। वन परिक्षेत्र केंदई के ग्राम झिनपुरी निवासी राम सिंह मरकाम अपने घर में पांच सदस्यों के साथ सो रहा था रात तीन बजे अचानक हाथियों की आहट सुनाई दी। उसने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर सुरक्षित स्थान पर जाना ही उचित समझा। चुपचाप कमरे से निकल कर गांव के ही पास दूसरे रिश्तेदार के घर जाकर सबने पनाह ली। हाथियों ने घर के अंदर रखे धान और चावल को खा लिया। यही नहीं बाकी सामान को भी तोड़फोड़ दिया। सुबह जब राम सिंह घर पहुंचा तो मकान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त पाया। घटना की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए किसानों का क्षतिपूर्ति के लिए बयान दर्ज किया।



# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने फिर मचाया आतंक, मोबाइल टावर में लगाई आग

**दंतेवाड़ा।** नक्सल प्रभावित बस्तर में सड़कों और संचार के बढ़ते नेटवर्क से खिन्न नक्सलियों ने पीएलजीए सप्ताह के पहले जिले में दूसरी घटना करते हुए पल्ली मार्ग पर पड़ने वाले मालेवाही थाना क्षेत्र के हर्राकोडेर में जिओ कंपनी के मोबाइल टावर में आगजनी की। आगजनी के बाद नक्सलियों की पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी की ओर से घटनास्थल पर पर्चा भी छोड़ा गया है। इसमें दो से आठ दिसंबर तक पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ मनाने का आह्वान करते हुए देशभर में वर्ग संघर्ष व गुरिल्ला युद्ध को तेज करने की अपील की गई है। इससे पहले सोमवार को नक्सलियों ने भांसी में सड़क निर्माण कर रही कंपनी की 14 वाहनों में आगजनी की थी। अबूझमाड़ से सटा हर्राकोडेर क्षेत्र कभी नक्सलियों का सबसे सुरक्षित ठिकाना हुआ करता था। नक्सली यहां नए कैडरों को प्रशिक्षण देते थे। अबूझमाड़ के गांव-गांव में सड़क, पुल, पुलिया निर्माण के साथ ही मोबाइल टावर स्थापित कर संचार सुविधा का भी विस्तार किया जा रहा है। इससे नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना छिंन रहा है। बारसूर-पल्ली मार्ग पर सुरक्षा बल के कैंप खोलकर दंतेवाड़ा से नारायणपुर को जोड़ने सड़क का काम तेजी से चल रहा है। यहां सड़क बनने का विरोध नक्सली कई बार कर चुके हैं। इस मार्ग पर बैलाडीला से नारायणपुर तक चलने वाली इकलौती बस को भी नक्सलियों ने कुछ माह पूर्व आग के हवाले कर दिया था। अब नक्सलियों ने मोबाइल कंपनी के टावर में आगजनी कर क्षेत्र में संचार सेवा को भी ध्वस्त करने का प्रयास किया है। भांसी में आगजनी के बाद नक्सलियों ने प्रेस नोट भी जारी किया था, जिसमें दंतेवाड़ा से बैलाडीला के बीच बन रही सड़क का विरोध किया गया था। नक्सली पहले भी कटेकल्याण क्षेत्र में परचेली, लखापाल के साथ-साथ हर्राकोडेर में अप्रैल महीने में टावर में आगजनी की घटना कर चुके थे। दो दिसंबर से नक्सलियों ने पीएलजीए की स्थापना दिवस मनाने का आह्वान किया है।



# नरसिंहपुर जिले की अहिरवार समाज अपने समाज के महान क्रांतिकारी शहीद मनीराम अहिरवार जी का विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत की कर रहे मांग

## मध्यप्रदेश में नव निर्वाचित सरकार से प्राथमिकता से शहीद वीर मनीराम अहिरवार को सम्मान दिलाने की पुरजोर होंगे प्रयास





**चीचली / गाडरवारा** – देश की आजादी में योगदान देने वाले शूरवीर मनीराम अहिरवार अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी व स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने सन् 19 42 में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर गोंड राजमहल चीचली के रक्षार्थ अपने प्राणों की परवाह न करते हुए जब अंग्रेज गोंडवाना राजा के महल को लुटने व कब्जा करने के उद्देश्य से गांव में आयें तो गोंड राजमहल के सेवादार वीर मनीराम अहिरवार जी ने अपने बलबूते अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़ा और उन्हें लहूं लुहान कर गांव से खदेड़ने वाले योद्धा थे। वीर मनीराम अहिरवार जी ने अंग्रेजों को युद्ध में ललकारा और अपना सीना तान कर अंग्रेजों से गोलियां चलाने को सामने खड़े हो गये। जिन पर चली गोलीबारी में एक गोली वीरांगना गौरादेवी कतिया जी को लगीं वह मौके पर ही शहीद हुई। इस युद्ध में अमर शहीद वीर मंशाराम जसाटी जी की शहादत हुई, जिनकी वीरोचित शहादत देखकर वीर मनीराम अहिरवार जी आग बबूला हो गये और अंग्रेजों को मार पत्थरों से घायल कर




गांव छोड़ने को विवश कर दिया। ऐसे महान शूरवीर मनीराम अहिरवार जी को अंग्रेजों के द्वारा धोके से छ्ल कपट से गुप्त जेलखाना लें गये और वहां उन पर गुलामी करने राजा साहब चीचली की गुप्त जानकारी देने के लिए प्रताड़ित किया गया। वीर मनीराम अहिरवार जी ने अपनी जान न्यौछावर करना स्वीकार कर लिया लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार कि जानकारी अंग्रेजों को नहीं दी। ऐसे महान क्रांतिकारी महापुरुष की यादगार में उनके जन्म स्थान चीचली में विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत बना कर शहीद परिवार को देने की अनेक बर्ष से मांग उठ रही है। उक्ताशय की मांग के सन्दर्भ में अहिवार समाज के सैकड़ों सामाजिक लोगों के द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि नव सरकार मध्यप्रदेश में बनते ही चीचली में शहीद परिवार को चीचली गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जूदेव जी द्वारा जो भूमि इस परिवार को दान स्वरूप दी गई है। जिसमें अभी शहीद परिवार अपना जीवन यापन कर रहे है। वहीं पर विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत बनाई जाये।

अहिरवार समाज के सर्व श्री रमेश अहिरवार, बसंत अहिरवार, विनोद अहिरवार, विष्णु अहिरवार, रघुवीर अहिरवार, प्रहलाद अहिरवार, दुर्गेश अहिरवार, नेतराम अहिरवार, रेवाराम अहिरवार, रामप्रसाद अहिरवार, हरिराम अहिरवार, पवन अहिरवार, मन्नालाल, बैजनाथ, रामकिशन, अभिषेक, संतोष, दौलत, धर्मदास, गन्नूलाल, रमेश,पवन कुमार,पोटालाल, विमलेश, लेखराम, नीतेश, दिनेश, श्रीलाल, डालचंद, तेजराम, सुरेश, हल्के, भूपेंद्र,भावसिंह, दीपक। हेमराज, भीकम, भगवत,जशमन, चन्दर, अर्जुन, कमलेश, आशाराम इत्यादि अहिरवार समाज के लोगों के द्वारा मांग की है कि हमारे जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश के एकमात्र हमारी समाज के महान क्रांतिकारी वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी थे। जानकी यादगार में विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत उनकी जन्म भूमि चीचली में शीघ्र बनाई जाये। तथा शहीद परिवार को सुविधा उपलब्ध कराते हुए जो देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले परिवारों को सुविधाएं प्रदान की जाती रही है, वह सभी शीघ्र सुविधाएं शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के परिवार को प्रदान की जाये।

# राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दीपक कोचे जी के बनने पर मध्यप्रदेश की ओर से शुभकामनाएंः जितेन्द्र दुबे

### मूलचंद मेधोनिया पत्रकार एवं राजनैतिक संवाददाता भोपाल

सागर। देश के करोड़ों नागरिकों की आशा व विश्वास के जनप्रिय नेता देश के कुशल नेतृत्व भावी प्रधानमंत्री के प्रबल दावेदार माननीय श्री राहुल गांधी जी और कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला देश का एकमात्र कांग्रेस समर्पित संगठन राहुल गांधी विचार मंच है। जो कि सम्पूर्ण देश में राहुल गांधी जी के आदर्शों को फैलाते हुये। कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचने का पवित्र काम कर रहे है। जिस राष्ट्र व्यापी कांग्रेस समर्थित संगठन राहुल गांधी विचार मंच भारत का इन्दौर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माननीय श्री दीपक कोचे जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व देते हुए उन्हें अपने उल्लेखनीय कांग्रेसी जनहितैषी कार्य और योग्यता व निष्ठा को देखते हुए उन्हें राहुल गांधी विचार मंच भारत का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का समाचार सुनते ही मध्यप्रदेश में खुशियां एवं प्रसन्नता जाहिर की जा रही है। राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मूलचंद मेधोनिया एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री नूरुद्दीन जी सहित प्रदेश के सैकड़ों पदाधिकारी व सभी प्रदेश के जिला अध्यक्ष मध्यप्रदेश के द्वारा श्री कोचे जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है। प्रदेश की राजधानी भोपाल में राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को आमंत्रित कर शीघ्र उनका स्वागत किये जाने की रुपरेखा तैयार की जा रही है। सभी मध्यप्रदेश के राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश, जिला व विधानसभा स्तर के सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दीपक कोचे जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है। इनके नेतृत्व में निश्चित रूप से कांग्रेस संगठन व राहुल गांधी विचार मंच मजबूत होगा।

# राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश पदाधिकारियों की भोपाल जिला कांग्रेस कार्यालय भोपाल में हुई परिचर्चा

**भोपाल।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय जवाहरलाल भवन न्यू मार्केट भोपाल में राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता एवं सचिव माननीय श्री नूर उददीन जी एवं मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मूलचंद मेधोनिया जी की आवश्यक परिचर्चा हुई। परिचर्चा बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि राहुल गांधी विचार मंच भारत के नव राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों को भोपाल में आमंत्रित कर सम्मान समारोह करना तथा देश के नागरिकों के चहेते माननीय श्री राहुल गांधी जी के विचारों को जन जन तक पहुंचने सहित कांग्रेस की मजबूती के लिए संगठन के माध्यम से दिन रात काम करने के सन्दर्भ में कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। आगे की महत्वपूर्ण चर्चा में राहुल गांधी विचार मंच के प्रदेश प्रवक्ता श्री नूर उददीन जी ने बताया कि हमारे मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी को कांग्रेस ने अपने वचन पत्र 2023 में वचन दिया है कि सरकार बनते ही शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी की यादगार में विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत बनवाया जायेगा। तथा उनके उत्तराधिकारी परिवार को सम्मान दिलाने व सुविधाएं प्रदान करने की पुरजोर कोशिश कर इतिहासिक काम करने की पहल राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के द्वारा की जायेगी। शहीद परिवार की मांगों के लिए मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से लेकर प्रदेश भर के द्वारा सहयोग किया जायेगा।

# पूर्व मंत्री श्री आरिफ अकील जी ने अनुसूचित जाति वर्ग की प्रचार टीम का किया शुक्रगुजार

### मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सात विधानसभा क्षेत्र है। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के वरिष्ठ नेता एवं अनुसूचित जाति वर्ग में दिन रात सामाजिक सरोकारों को आगे आकर समाज में काम करने वाले श्री महेश नंदमेहर, श्री मूलचंद मेधोनिया है।जो कि अपनी टीम के साथ कांग्रेस की विचारधारा और मजबूती के लिए सदैव तत्पर व अग्रणी रहते है। जिनके नेतृत्व में भोपाल की सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र में रह रहे सामाजिक लोगों के बीच जाकर कांग्रेस को वोट सपोर्ट करने का आवाहन किया। श्री महेश नंदमेहर एवं मूलचंद मेधोनिया की टीम में शामिल श्री अशोक चिंतामण, श्री विजय सुरणकर, श्री अजय नारनवरे, श्री रामविलास तिलवारी, श्री मुकेश चौधरी, श्री अभिषेक बाल्मीकि,श्रीमती सीमा राठौर, श्रीमती मीना बाल्मीकि, श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, इत्यादि सामाजिक संगठन के प्रमुख प्रचारक टीम में थे। कांग्रेस वचन पत्र 2023 में अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण हेतु सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत ने समाज की 110 संगठनों के प्रतिनिधियों की भोपाल के सिंधु भवन में दिनांक 30 जून 2023 को विशाल आयोजन किया था। जिसमें पूर्व डिप्टी कलेक्टर श्री जे.पी.माली जी, पूर्व डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निशा बांगरे जी एवं श्रीमती इंदू ताई जी, श्रीमती आशा दीदी जी एवं बौद्ध विहार समितियों के अध्यक्ष सहित आदिवासी समाज व पिछड़े वर्ग के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विशाल बैठक में भाग लेकर सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये और उनके लिए कांग्रेस के वचन पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी को एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी राज्यसभा सदस्य को सौंपे गये थे।जिनको कांग्रेस ने गंभीरता से विचार करते हुए अपने वचन पत्र में शामिल करवाने का महत्वपूर्ण काम किया।जिनकी जानकारी देने और सरकार बनाने में अहम योगदान देकर उन्हें पूरा कराने हेतु अनुसूचित जाति वर्ग की टीम ने अपने वर्ग को कांग्रेस के लिए वोट सपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया।




टीम का प्रचार प्रसार कांग्रेस को संजीवनी बनेगा। गौरतलब हो कि अनुसूचित जाति वर्ग की बहुप्रतीक्षित मांग होती रही है कि मध्यप्रदेश में एकमात्र रविदास समाज के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी थे। जिन्होंने सन् 19 42 में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान देकर अंग्रेजी सैनिकों से युद्ध किया और उन्हें गांव में से खदेड़ने का इतिहासिक काम था, जो कि अभी तक सम्मान से वंचित थे। जानकी यादगार में विशाल स्मारक और बहुमंजिला इमारत उनके जन्म स्थान पर कांग्रेस सरकार बनते ही बनायेंगे। तथा शहीद मनीराम अहिरवार जी के परिवार को सुविधा व सम्मान देकर सम्पूर्ण समाज को गौरवान्वित करेगी सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर व मीडिया प्रभारी मूलचंद मेधोनिया ने भोपाल सहित हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर व सबसे अधिक समय भोपाल में देते हुए हर विधानसभा क्षेत्र में रह रहे सामाजिक लोगों के घर -घर पहुंच कर कांग्रेस वचन पत्र की जानकारी प्रदान की और अपील की गई है कि हमारी सभी योजनाओं को भाजपा ने बंद कर सामाजिक कल्याण का रास्ता बंद कर दिया है। हमारे वर्ग के जाति प्रमाण पत्र में लटकाया व भटकाया गया है। सभी योजनाओं पर ताला लगाया गया जिससे हमारा समाज के कमजोर तबके को उठने में वेवश होना पड़ा है। सड़क किनारे दो वक्त की रोटी कमाने वाले लोगों को प्रताड़ित किया गया है। तथा उनका रोजगार छीन कर पंगु बना दिया गया है। जिस अन्याय के खिलाफ अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक लोगों ने कांग्रेस को समर्थन देने में उत्साह पूर्वक भाग लिया है। मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री श्री आरिफ अकील जी के निवास सराह पहुंची प्रचार टीम का पूर्व गैस राहत एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के श्री अकील साहब ने सभी को ह्रदय से आभार, धन्यवाद देते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में पहली बार आपकी टीम ने अनुसूचित जाति वर्ग व अन्य सभी सामाजिक वर्गों की मांग कांग्रेस वचन पत्र में शामिल करवाई गई है। वह सभी कांग्रेस की सरकार बनते ही साकार होगी, उन्होंने कहा कि मैं स्वयं आपकी हर मांग के साथ हूं। अपना स्वस्थ ठीक न होने के पश्चात भी श्री अकील साहब ने अनुसूचित जाति वर्ग की टीम का शुक्रगुजार देते हुए बहुत प्रशंसा कि और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग व पिछड़े वर्ग की सभी कांग्रेस वचन पत्र में शामिल प्रस्तावित मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया है। पूर्व मंत्री जी के बाद टीम लीडर महेश नंदमेहर और मूलचंद मेधोनिया जो ने पूर्व मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा है कि कांग्रेस पार्टी हमारे महापुरुषों एवं सामाजिक संगठनों के सुझावों पर गति देकर यदि समय पर काम करेंगी तो जीवन भर हमारी समाज कांग्रेस के हमेशा साथ रहेंगी।


# गुजरात में हर्षवर्धन अहिरवार ने जीता कांस्य पदक

### मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल

सागर। 14वें कूडो नेशनल टूर्नामेंट 2023-24 में सागर के हर्षवर्धन अहिरवार ने महज 10 साल की उम्र में करीब 20 राज्यों के प्रतिभागियों को पटखनी देते कास्य पदक पर कब्जा जमाया है। बता दें कि गुजरात के सूरत जिले में कूडो नेशनल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया है। इसमें अंडर 10 हर्षवर्धन अहिरवार मप्र टीम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा गुजरात के सूरत में 22 से 25 नवंबर तक 14वें कूडो नेशनल टूर्नामेंट 2023–14 का आयोजन किया गया था। इसमें देश के अलग–अलग राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हुए थे सूरत नेशनल टूर्नामेंट अंडर 10 आयु वर्ग में सागर के महार रेजीमेंट स्कूल में चौथी कक्षा के छात्र हर्षवर्धन अहिरवार ने कूडो खेल में प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को शिकस्त देते हुए कास्य मेडल% पर कब्जा जमा कर सागर और मप्र का नाम रोशन किया है। अनुसूचित जाति जनजाति अखिल भारतीय परिसंघ मध्यप्रदेश के सचिव एवं समाजसेवी श्री दशरथ कुमार अहिरवार ने 10 वर्षीय हर्षवर्धन अहिरवार की प्रतिभा को आगे बढ़ने और उसके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं करते हुए बधाई दी।



# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी, निवेशकों को हुआ करीब 2.11 लाख करोड़ का फायदा




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में बुधवार (29 नवंबर) को तूफानी तेजी दर्ज की गई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 727.71 अंक या 1.10 प्रतिशत 66,901.92 और एनएसई निफ्टी 206.90 अंक या 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,096.60 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा खरीदारी में बैंकिंग, ऑटो और ह्रझ्न सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति आज दिन भर में करीब 2.11 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। आज के सत्र में लार्ज कैप, स्मॉल कैप और मिड कैप तीनों ही इंडेक्स में तेजी देखने को मिली है। एनएसई के ऑटो, आईटी, पीएसयू, फिनसर्विस, फार्मा, एफएमसीजी और मेटल शेयरों में खरीदारी देखी गई है। हालांकि, मीडिया और रियल्टी शेयरों पर दबाव देखा गया है।

### गेनर्स और लूजर्स

सेंसेक्स पैक में एक्सिस बैंक, एमएंडएम, विप्रो, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्लू स्टील, टीसीएस, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा, एलएंडटी, भारतीय एयरटेल, सन फार्मा, एसबीआई, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, एचयूएल, पावर ग्रिड, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर्स बढ़कर बंद हुए हैं। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और नेस्ले के शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं।

# सोने के दामों में बड़ा उछाल, 63,500 रुपये के स्तर पर पहुंचा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में आज फिर बड़ा उछाल देखा गया है। यह उछाल घरेलू बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार सभी में दर्ज किया गया है। बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये बढ़कर 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र के अंत में सोने की कीमत 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 800 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिस) सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी दोनों में मजबूती रही। सोना तेजी के साथ 2,041 डालर प्रति औंस तथा चांदी मजबूती के साथ 24.95 डालर प्रति औंस हो गई। कमोडिटी एक्सचेंज कामेक्स में सोने की हाजिर कीमत 2,041 डालर प्रति औंस पहुंच गई, जो पिछले बंद भाव से 27 डालर अधिक है।

### अमेरिकी केंद्रीय बैंक अगले साल ब्याज दरें कम करना शुरू करेगा

गांधी ने कहा कि डालर में नरमी के अलावा फेडरल रिजर्व के एक अधिकारी के बयानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक अगले साल ब्याज दरें कम करना शुरू करेगा। इससे कारोबारी धारणा को बल मिला और कामेक्स में सोना मई के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# एलआईसी ने पेश की जीवन उत्सव पॉलिसी, जानिए क्या है इसमें खास




**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को अपनी नई सेवा जीवन उत्सव पेश की। इसमें सुनिश्चित रिटर्न का वादा किया गया है। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह एक 'नॉन-लिंक्ड, गैर-भागीदारी, व्यक्तिगत बचत, संपूर्ण जीवन बीमा योजना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने हाल ही एक साक्षात्कार में नई सेवा की कुछ विशेषताएं साझा करते हुए कहा था कि यह सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करेगी और इसके पूर्ण होने के बाद बाद पॉलिसीधारक को जीवन भर बीमा राशि का 10 प्रतिशत मिलेगा। मोहंती ने कहा था कि नया उत्पाद बाजार में हलचल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई जानना चाहता है कि वह कितना भुगतान कर रहा है और 20-25 वर्षों के बाद उसे कितना प्रतिफल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ऋण सुविधा और समय से पहले निकासी भी इस नई सेवा की विशेषताओं में शामिल है।

# शॉपिंग मॉल क्षेत्र अगले तीन से चार वर्षों में 35% बढ़ेगा: क्रिसिल रेटिंग्स

**कोलकाता।** देश में शॉपिंग मॉल का क्षेत्र अगले तीन से चार वर्षों में 35 प्रतिशत बढ़ सकता है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग ने शुक्रवार को यह बात कही। एजेंसी की ओर से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में खुदरा बिक्री में मजबूत सुधार से मॉल के क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। खुदरा क्षेत्र में तीन से 3.5 करोड़ वर्ग फुट की वृद्धि होने की संभावना है, जो मौजूदा क्षेत्र का एक तिहाई है। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मांग के लचीलेपन के कारण खुदरा सुधार बरकरार रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि मॉल और नई परिसंपत्तियों में निवेशकों की निरंतर रुचि से क्षेत्र वृद्धि को बढ़ावा मिलेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने रिपोर्ट में कहा कि मॉल में अगले तीन से चार वर्षों में 20,000 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''इतनी बड़ी संख्या में बढ़ोतरी के दो कारण हैं। सबसे पहले नई आपूर्ति पर काम फिर से शुरू करना जो वैश्विक महामारी के दौरान रुक गई थी। दूसरा मॉल में मजबूत खुदरा बिक्री और उसके बाद मॉल मालिकों का मजबूत परिचालन प्रदर्शन। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में मॉल मालिकों का राजस्व वैश्विक महामारी से पहले के स्तर से करीब 125 प्रतिशत अधिक होने का अनुमान है।



# एशिया-प्रशांत में दिल्ली-एनसीआर कार्यालय स्थल किराये पर लेने के लिए छठा सबसे महंगा बाजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर एशिया प्रशांत के प्रमुख कार्यालय बाजारों में छठा सबसे महंगा बाजार है। जुलाई-सितंबर तिमाही में यहां कार्यालय स्थल किराये पर लेने की सालाना लागत 78.4 डॉलर प्रति वर्ग फुट रही। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक के अनुसार, स्थान लागत में किराया, स्थानीय कर और अन्य शुल्क शामिल होते हैं। नाइट फ्रैंक ने चालू कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए एशिया-प्रशांत का प्रमुख कार्यालय किराया सूचकांक जारी कर दिया है। हांगकांग एसएआर एपीएसी के सबसे महंगे कार्यालय बाजार की सूची में सितंबर तिमाही में भी सबसे ऊपर बना हुआ है।

# बीते 3 सालों में मकान खरीदना हुआ महंगा, इस शहर में बढ़े सबसे ज्यादा दाम



**नई दिल्ली।** बीते तीन साल में देश के शीर्ष सात शहरों के प्रमुख रियल एस्टेट बाजारों में मकान खरीदना एक तिहाई महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा 33 फीसदी मकान के दाम हैदराबाद में बढ़े हैं। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड की अक्टूबर 2020 से अक्टूबर 2023 के बीच मकानों की कीमत पर 7 प्रमुख शहरों के रियल एस्टेट बाजारों पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक गचीबावली में मकान की औसत कीमत 4,790 रुपये से बढ़कर 6,355 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है। हैदराबाद के कोंडापुर में 31 फीसदी और मियापुर में मकान की औसत कीमत में 28 फीसदी इजाफा हुआ है। हैदराबाद के बाद बेंगलूरु और एनसीआर में मकान महंगे हुए हैं। बेंगलूरु के व्हाइटफील्ड में मकान की औसत कीमत 29 फीसदी बढ़कर 6,325 रुपये हो गई, जबकि एनसीआर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में यह कीमत 27 फीसदी बढ़ी है। यहां औसत कीमत 3,450 रुपये से बढ़कर 4,380 रुपये वर्ग फुट हो गई है। एनसीआर के ही द्वारका एक्सप्रेसवे पर कीमत 20 फीसदी बढ़कर 6,410 रुपये, न्यू गुरुग्राम में 17 फीसदी बढ़कर 7,110 रुपये, राजनगर एक्सटेंशन में 21 फीसदी बढ़कर 3,950 रुपये और नोएडा सेक्टर-150 में 25 फीसदी बढ़कर 6,380 रुपये वर्ग फुट ट हो गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पुणे के आईटी हब वाघोली में 25 फीसदी और हिंजेवाडी में मकानों की औसत में 22 फीसदी इजाफा हुआ है। एमएमआर के अंधेरी में 19 फीसदी, लोअर परेल में 21 फीसदी, वर्ली में 13 फीसदी मकान महंगे हुए हैं। मकानों की औसत में कोलकाता के बाजारों में 13 से 24 फीसदी, जबकि चेन्नई के बाजारों में 15 से 19 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एनारॉक समूह के क्षेत्रीय निदेशक और अनुसंधान प्रमुख प्रशांत ठाकुर ने कहा कि शीर्ष सात शहरों में आईटी के गढ़ वाले शहरों हैदराबाद, बेंगलूरु और पुणे के प्रमुख क्षेत्रों में औसत कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)